Regarding sanctioning stoppage of trains at various stations in Sikar Parliamentary Constituency-laid

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): मेरे लोकसभा क्षेत्र सीकर में खाटूश्याम जी, जीणमाताजी, हर्ष भैरव मंदिर, सालासर बालाजी, लोहाग्रल धाम, साकंभरी माता सहित अनेक धार्मिक स्थल स्थित है। यहां लाखों श्रद्धालु रोज आते जाते हैं। लेकिन यहां के आसपास के कुछ स्टेशनों जैसे पलसाना, रेनवाल, लक्ष्मणगढ़, चौमू और नीमकाथाना में विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं है। मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि क्षेत्रवासियों एवम् श्रद्धालुओ की मांग को देखते हुए ट्रेन संख्या 14701/14702 श्री गंगानगर बांद्रा, ट्रेन संख्या 12403/12404 प्रयागराज बीकानेर और 04705/04706 जयपुर श्री गंगानगर का पलसाना स्टेशन पर स्टॉपेज, उदयपुर दिल्ली हमसफर 22985/86 ट्रेन का स्टॉपेज नीमकाथाना और श्रीमाधोपुर, दिल्ली सराय रोहिल्ला- अजमेर जनशताब्दी ट्रेन 12065/12066 का रेनवाल और कांवट स्टेशन पर स्टॉपेज करने की कृपा करें जिससे क्षेत्र वासियों के साथ श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिल सके। साथ ही सरकार से निवेदन है कि जयपुर से रेवाड़ी सेक्शन की एकमात्र ट्रेन भिवानी डेहर का बालाजी (14705/14706) का स्टॉपेज मेरे लोकसभा क्षेत्र के जीलो, भगेगा और कछेरा स्टेशनों पर करने की कृपा करें क्योंकि इन स्टेशनों से जयपुर की एक भी रेल सेवा नहीं है।